राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 जनवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रभारी श्री के. राजू ने आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रदेश कॉर्डिनेटर तथा प्रदेश कांग्रेस के अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्षों के साथ अलग-अलग बैठक कर डिजीटल सदस्यता अभियान एवं विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सांसद श्री नीरज डाँगी तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वां व श्री जसवंत गुर्जर, डाटा एनालिटिक्स विभाग के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर श्री विशाल मीणा भी शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रदेश कॉर्डिनेटरों के साथ बैठक में श्री के. राजू ने डिजीटल सदस्यता अभियान की प्रक्रिया पर चर्चा की तथा सदस्यता अभियान के तहत् किए जाने वाले कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

श्री के. राजू ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्षों के साथ चर्चा कर विभागों के कार्यों की समीक्षा की। श्री के. राजू ने सभी उपस्थित अध्यक्षगणों को अपने विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने हेतु निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर श्री के. राजू ने कहा कि समाज के पिछड़े एवं निर्धन लोगों के उत्थान के लिए कांग्रेस कार्य करती आयी है तथा समाज के दलित एवं अल्पसंख्यक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों तक प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों का लाभ पहुँचे, यह सुनिश्चित करना है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter